कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री कालूराम योगी निवासी ग्राम पोस्ट रसीदपुर तहसील महवा जिला दौसा राज0 321613
बनाम

लोक सूचना अधिकारी, जिला रसद अधिकारी दौसा जिला दौसा

अपील संख्या 102/2022

निर्णय दिनांक 07.10.2022

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, जिला रसद अधिकारी दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, जिला रसद अधिकारी दौसा जिला दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी, जिला रसद अधिकारी दौसा जिला दौसा से संबंधित है। लोक सूचना अधिकारी जिला रसद अधिकारी दौसा को पत्र कमांकःडीएम/कोर्ट/2022/2242 दिनांक 03.09.2022 एवं स्मरण पत्र कमांकः 2333 दिनांक 23.9.2022 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना अविलंब उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। लोक सूचना अधिकारी जिला रसद अधिकारी दौसा को निर्देशित किये जाने के उपरांत अपीलांट को वांछित नकल/ वस्तुस्थिति से अवगत नहीं कराया गया है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को वांछित सूचना उपलब्ध नहीं कराई गई है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट आंशिक स्वीकार योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट आंशिक स्वीकार की जाती है। लोक सूचना अधिकारी जिला रसद अधिकारी दौसा को निर्देश दिये जाते हैं कि अपीलांट को वांछित सूचना/नकल आदेश प्राप्ति के 07 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावे। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

(कमर चौधरी)
जिला कलक्टर, दौसा

न्यायालय कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट दौसा

Signature Not Verified
सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official
Digitally signed by Qummer Ul Zaman Choudhary
Date: 2023.02.15 12:55:21 IST
Reason: SelfAttested